# केसली-गौरझामर नगर परिषद बनेगी

## मुख्यमंत्री ने की घोषणा, देवरी का नाम बदलकर देवपुरी करने का प्रस्ताव जिला प्रशासन के माध्यम से भेजें

**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवरी विधानसभा के केसली में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन में 190.85 करोड़ रुपये की लागत के कुल 53 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर शिलापट्टिका का अनावरण किया गया.**



जिसमें लगभग 68.83 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 25 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं 122.02 करोड़ रुपये की लागत से 28 कार्यों का भूमिपूजन किया गया. मुख्यमंत्री ने केसली में सांदीपनि विद्यालय सेकेंड फेस का कार्य प्रारंभ करने, शासकीय हाई स्कूल चिरचिटा सुखजू में हायर सेकेंडरी स्कूल तक उन्नयन करने, शासकीय हाई स्कूल देवरी, नाहरमऊ, नन्ही देवरी का उन्नयन करने, कृषि उपज मंडी केसली का नाम रानी अवंतिबाई के नाम पर रखने, देवरी में 100 बिस्तरों का अस्पताल स्टाफ सहित प्रारंभ करने की घोषणा की. मुख्यमंत्री ने केसली क्षेत्र में थावरी जलाशय की योजना को स्वीकृति दी तथा कहा कि किसानों की इस बहुप्रतीक्षित मांग से क्षेत्र में कृषि के क्षेत्र में क्रांति आएगी.

मुख्यमंत्री ने देवरी में प्याज और लहसुन की खरीदी के लिए मंडी में खरीदी केन्द्र बनाने की घोषणा की. शासकीय महाविद्यालय देवरी में विज्ञान संकाय तथा कला संकाय में राजनीति विषय का आरंभ करने, केसली महाविद्यालय में कला एवं वाणिज्य संकाय में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने, देवरी नगर का नाम देवपुरी करने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की मांग की अनुरूप देवखेड़ेश्वर मंदिर का पर्यटन स्थल के रूप में विकास किया जाएगा. वहीं मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत गौरझामर एवं ग्राम पंचायत केसली को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मातृशक्ति का सशक्तिकरण और उनका नेतृत्व वर्तमान की आवश्यकता है और सरकार इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए लगातार का कार्य कर रही है. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पहली बार मध्यप्रदेश में किसानों की भूमि का अधिग्रहण होने पर उसका चार गुना मुआवजा किसानों को मिलेगा. सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा से आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी. देवरी विधायक ब्रज बिहारी पटेरिया ने स्वागत भाषण देते हुए क्षेत्र से संबंधित मांग पत्र मुख्यमंत्री के समक्ष रखा. इस अवसर पर सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े, पूर्व मंत्री एवं विधायक रहली गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री एवं विधायक खुरइ भूपेंद्र सिंह, सागर विधायक शैलेंद्र जैन, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, बीना विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, श्रीमती रानी कुशवाहा, उपस्थित रहे.

# लोक कल्याण मेले में योजनाओं का लाभ

**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जून. प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकाधिक हितग्राहियों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम द्वारा लोक कल्याण मेला आयोजित किया गया.**



विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से भारतीय जीवन बीमा निगम बीमा सखी योजना प्रारंभ की जिसमें एल आई सी एजेंट की तरह महिलाओं को प्रतिमाह 2 पालिसी विक्रय करना होती हैं और सरकार द्वारा 9 हजार रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं. अभी तक देश में ढाई लाख बीमा सखी बन चुकी हैं जो नारी सशक्तिकरण की दिशा में बहुत ही अच्छी योजना है. उन्होने कहा कि हम लोगों ने शहर में 1200 ऐसे कच्चे मकान चिन्हित किये थे जिनको पी.एम. आवास योजना का लाभ नहीं मिला था लेकिन नगर निगम के प्रयासों से अब ऐसे कच्चे मकानों की संख्या घट रही है. महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि नगर निगम द्वारा आयोजित यह लोक कल्याण मेला पथ विक्रेताओं को वित्तीय संस्थानों से जोड़ने, उन्हें विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा व्यवसाय को नई दिशा देने का प्रयास है. भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि पूरे देश में शासकीय स्तर पर लोक जनकल्याण के कार्य एक ही स्थान पर एक ही छत के नीचे बैठ कर कैसे जनहितैषी कार्य कर सकें कैसे उनको लाभ दें उसके लिये लोककल्याण मेला का आयोजन किया जा रहा है. निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कहा कि पथविक्रेता शहर की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं. शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है.

# समर कैंप का हुआ समापन



**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जून. केसरवानी महिला सभा द्वारा आयोजित आठ दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह संपन्न हुआ.**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संरक्षिका डॉ. वंदना गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं महिला सभा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विनीता केसरवानी, प्रदेश संगठन मंत्री, नगर सभा के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद केसरवानी एवं तरुण सभा अध्यक्ष रजत केसरवानी की उपस्थिति में किया गया. नीतू केसरवानी द्वारा आभार व्यक्त किया गया. समर कैंप में बच्चों को विनीता केसरवानी द्वारा उपहार दिए गए.

## हेल्पलाइन से मिला रक्त

**सागर.** पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय से संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से सात दिनों में 126 जरुतमंद मरीजों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है. औसत रुप से प्रतिदिन 18 जरुरतमंदों को हेल्पलाइन सेंटर से उपलब्ध कराया गया, इस सेवा प्रकल्प से अभी तक कुल 1628 गरीब जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है. भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्प हेल्पलाइन जिले के बीमारों और जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक बन गई है. जरूरतमंदों मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया.

# मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर वर्कशॉप

**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जून. देश के बच्चे ही वास्तव में भारत के भाग्य विधाता हैं. बच्चों के मानसिक स्वास्थ पर शिक्षकों एवं अभिभावकों को सजग रहने की आवश्यकता है, क्योंकि स्वस्थ मानसिकता में ही उत्तम भविष्य निहित है.**



उक्त उद्‌गार शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोतर उत्कृष्टता महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ एवं कल्याण विषय पर कार्यशाला में मुख्य अतिथि विधायक शैलेन्द्र जैन नें व्यक्त किए. उन्होने कहा कि मानसिक तनाव के कारण भारत में प्रतिवर्ष 13 हजार बच्चे आत्म हत्या कर रहे हैं जिसमें मध्य प्रदेश तीसरे नंबर पर है,यह चिन्ता का विषय है. डा . प्रेम चतुर्वेदी नें सरस्वती वंदना प्रस्तुत की. संचालन कार्यकम संयोजक डा अंजना चतुवेदी ने किया. प्राचार्य डा. आनंद तिवारी नें स्वागत उद्बोधन दिया. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डा.नीरज दुबे ने कहा कि शासन की मंशा है कि मानसिक तनावों के कारणा हो रहीं आत्म हत्या को हमें प्रभावी ढंग से रोकना होगा. ओएसडी डॉ भावना यादव व आरके गोस्वामी ने भी संबोधित किया.

# पुत्र ने ही रचा था षड्यंत्र

**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जून. देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने अपहरण एवं 2 लाख की फिरौती मांगने के मामले का पर्दाफाश कर दिया.**

कथित अपहरण की पूरी कहानी स्वयं पुत्र एवं उसके साथियों द्वारा रची गई साजिश थी. फरियादी राजेश पिता प्रेम जाटव निवासी ग्राम डोंगर सलैया द्वारा थाना देवरी में सूचना दी गई कि 21 वर्षीय पुत्र पवन जाटव मित्र का जन्मदिन मनाने का कहकर घर से निकला था और वापस नहीं लौटा. इसी बीच फरियादी के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कॉल कर उसके पुत्र का अपहरण करने तथा उसे छोड़ने के एवज में 2 लाख की फिरौती की मांग की गई. रकम नहीं देने पर पुत्र की हत्या करने की धमकी भी दी गई. थाना प्रभारी देवरी निरीक्षक हरिराम मानकर, उप निरीक्षक समरथ सीनम, थाना प्रभारी मोतीनगर निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत ने जांच के दौरान पुलिस ने चितौरा टोल के पास एक ऑल्टो-800 कार क्रमांक एमपी 15 सीए 7570 को चिन्हित कर उसमें सवार कथित अपहृत पवन जाटव सहित अरविंद दुबे, बलजीत सिंह एवं शुभम पटेल को अभिरक्षा में लिया.

## एक नजर में



### सीएम की हेलीपेड पर अगवानी व विदाई

**सागर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का केसली स्थित हैलीपेड पहुंचने पर स्वागत किया गया. साथ ही हैलीपेड पर ही कार्यक्रम के बाद विदाई दी गई. इस अवसर पर सीएम का स्वागत किया गया. इस दौरान खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद डॉ. लता वानखेड़े, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, विधायक गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह, शैलेंद्र जैन, प्रदीप लारिया, ब्रजबिहारी पटेरिया, निर्मला सप्रे, जिलाध्यक्ष रानी कुशवाहा, संभागायुक्त अनिल सुचारी, डीआईजी एस एस चौहान, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, एसपी अनुराग सुजानिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे.



### कचरा वाहन कर्मियों को पीपीई किट दी गई

**राहतगढ़.** नगर परिषद राहतगढ़ द्वारा स्वच्छता कार्य में लगे कचरा वाहन कर्मियों को पीपीई किट वितरित की गई. तहसीलदार एवं सीएमओ निर्मल सिंह राठौर ने कर्मचारियों को पीपीई किट प्रदान की. इस दौरान उपयंत्री आकाश जैन, स्वच्छता पर्यवेक्षक सुनील कुमार विश्वकर्मा, मनोज तिवारी, मुसब्बिर पठान, राहुल अग्रवाल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे.




### परिषद की बीना ब्लॉक इकाई का गठन

**बीना.** पत्रकार कल्याण परिषद के कार्यालय पर बैठक आहूत की गई. बीना इकाई के परिचय पत्र पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाई दिवाकर विश्वकर्मा, संभागीय अध्यक्ष संतोष झा के द्वारा वितरित किए गए. इसके साथ ही बीना ब्लॉक इकाई का गठन भी किया. पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने कहा हमें खेद है कि बैठकें संपन्न हो जाती हैं योजना बनाई जाती लेकिन उन्हें मूर्त रूप नहीं दिया जाता है, सही मायनों जो भी बातें संगठन को आगे बढ़ाने के लिए हों उन बातों को मूर्त रूप दिया जाय तब सफलता प्राप्त होगी. प्रदेश संयोजक राजेश जैन कहा कि नितांत बातों के अलावा और कुछ भी नहीं होता हम सब मिलकर काम करते सोये हुए साथियों को जगाना है. नारायण चौधरी को पुन: बीना इकाई अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया. उपाध्यक्ष राजेंद्र गौतम, महासचिव जितेंद्र सिंह चौहान, सह सचिव ओमप्रकाश बालोट, कोषाध्यक्ष जुझार सिंह राजपूत एवं प्रवक्ता कैलाश नीलम को घोषित किया गया. जिला प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह राजपूत एवं संभागीय प्रतिनिधि राकेश सेन को चुना गया.

# रोगों का उपचार करना ही पर्याप्त नहीं : डॉ . सुनील

**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जून. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ( आईएमए ) एवं फोगसी सागर शाखा द्वारा एक व्यापक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.**




मुख्य वक्ता अहमदाबाद के डॉ सुनील ताम्बवेकर ने बताया के आज के समय में साक्ष्य-आधारित चिकित्सा का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है. चिकित्सकों के लिए केवल रोगों का उपचार करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नवीन शोधों और वैज्ञानिक तथ्यों को समझना तथा उन्हें व्यवहार में लागू करना भी आवश्यक है. फोगसी अध्यक्ष डॉ ज्योति चौहान ने बताया के इस कार्यशाला से प्रतिभागियों को यह समझने का अवसर मिला कि किस प्रकार एक साधारण चिकित्सीय प्रश्न को वैज्ञानिक अध्ययन में परिवर्तित कर स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार में योगदान दिया जा सकता है. आईएमए अध्यक्ष डॉ तल्हा साद ने बताया कि स्थानीय स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय स्तर पर किए गए शोधों का विशेष महत्व होता है, और यह कार्यशाला चिकित्सकों को ऐसे अध्ययनों के लिए प्रेरित करेगी. यह आयोजन विभिन्न विशेषज्ञताओं के चिकित्सकों को एक साझा मंच प्रदान किया जहाँ वे अनुभवों का आदान-प्रदान कर सके.

# बढ़ते अपराधों की जड़ नशा



**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जून. भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम के तत्वाधान में माता आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा एवं परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज की आरती संपन्न हुई.**

संगठन की जिला अध्यक्ष लीला सेन ने कहा कि गुरुवर द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर समाज का कल्याण होना सुनिश्चित है जब समाज नशे,मांस से मुक्त चरित्रवान चेतनबानो का जीवन जियेगा उससे समाज में बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा. जिलाध्यक्ष निरन सिंह लोधी ने भी संबोधन दिया.

## कांग्रेस का प्रदर्शन

**सागर.** मध्यप्रदेश राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रद्द किए जाने तथा दिल्ली में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में जिला युवा कांग्रेस द्वारा भगवानगंज चौराहें पर भारी पुलिस बल और वाटर कैनन के बीच विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया. जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप चौधरी द्वारा आयोजित प्रदर्शन व पुतला दहन में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग का पुतला जलाया.




# लाड़ली बहना खेल सप्ताह शुरू

**नवभारत न्यूज**

**बंडा 14 जून. नगर परिषद, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से उ.मा. सांदीपनि विद्यालय में लाड़ली बहना खेल सप्ताह का शुभारंभ किया गया.**

प्रथम दिवस की थीम नारी शक्ति श्रृंखला के अंतर्गत म्यूजिकल चेयर, बलून चेन एवं योग गतिविधियों सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में नगर परिषद के सी.एम.ओ. आर.सी. अहिरवार, सी.ई.ओ. शिवानी कोरव, सी.ओ. ममता जैन, रुचि रायकवार, महिला एवं बाल विकास विभाग से सेक्टर पर्यवेक्षक नीतू कोरी एवं निकिता सोनी, शिक्षा विभाग से पी.टी.आई. राजेश सिंह राजपूत एवं रंजीत गौर तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्यों ने संचालन किया. प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागी अंगूरी अहिरवार एवं मुन्नी बंसल को पुरस्कृत किया गया.

## छमाही बैठक आज

**सागर.** नगर राजभाषा कार्यावयन समिति की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक 15 जून को 12 बजे से डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं नराकास, सागर के अध्यक्ष प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में राजघाट रोड में आयोजित की जा रही है. उक्त बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहेंगे. समिति के सदस्य सचिव एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव व राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने सागर, बीना एवं ढाना के समस्त केन्द्रीय कार्यालयों बैंकों उपक्रमों के प्रमुखों से बैठक में अपनी सहभागिता अनिवार्यत सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है.

# महाराणा प्रताप जयंती को लेकर बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जून. किला कोठी में क्षत्रिय समाज द्वारा जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया.**




यह बैठक 17 जून को आयोजित होने वाले वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं महाराजा छत्रसाल की जयंती कार्यक्रम को मनाए जाने के संबंध में बुलाई गई थी. बैठक के मुख्य अतिथि वरिष्ठ संयोजक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत रहे. कार्यक्रम में वरिष्ठ संरक्षक और समाज के संयोजक कृष्णा सिंह राजपूत की विशेष उपस्थिति रही. क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष नीरज सिंह नयाखेड़ा ने कहा कि आज के समय में समाज को एकजुट होने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यक कार्य करने की अत्यधिक जरूरत है. हमारा समाज बृहद और ऐतिहासिक समृद्धता को समेटे हुए है. श्री सिंह ने आगामी 17 जून को सीहोरा में स्थापित होने वाली महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम के लिए सभी को आमंत्रित किया. मुख्य अतिथि हीरा सिंह राजपूत ने कहा कोई भी सामाजिक सुधार एकदम से या एक दिन में नहीं होता, किंतु निरंतर प्रयासों से एक दिन अवश्य होता है. क्षत्रिय समाज के पूर्व अध्यक्ष एड. हरिराम सिंह ने समाज में फिजूलखर्ची रोककर मितव्ययता के साथ कार्यक्रम करने और समाज के उत्थान के लिए काम करने के साथ तेरहवीं में मृत्युभोज के स्थान पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम करने की अपील की. बैठक को साहब सिंह सागोनी, सत्यजीत सिंह, साहब सिंह, मंगल सिंह, रणवीर सिंह, धीरज सिंह ने भी संबोधित किया. संचालन डॉ. हेमंत सिंह गेंहूरास ने किया. आभार युवा जिलाध्यक्ष संदीप सिंह भापेल ने व्यक्त किया.

# हत्या के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 14 जून. कोतवाली पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है.**



कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त सम्यक राजनायक उर्फ राही जैन पुत्र राजीव कुमार निवासी मुहल्ला सिविल लाइन थाना कोतवाली व जनपद ललितपुर, गजेन्द्र नरवरिया उर्फ गजेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र स्व. सुखदयाल निवासी पुराना सूचना केन्द्र थाना कोतवाली व जनपद ललितपुर व गौरव रैकवार पुत्र रामप्रसाद निवासी वर्णी कालेज के पीछे थाना कोतवाली व जनपद को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वादिया मुकदमा की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली ललितपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई. कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा मृतक राजकुमार उर्फ छन्नू के शव को कब्जा पुलिस लेकर, पंचायतनामा भरकर, पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई गई है. सम्यक राजनायक जैन, गजेन्द्र नरवरिया उर्फ गजेन्द्र सिंह व गौरव रैकवार को गिरफ्तार किया गया.

# पुण्योदय से संत समागम मिलता

**नवभारत न्यूज**

**गौरझामर 14 जून. किसी कवि ने ठीक ही कहा है कि संतों का समागम और प्रभु भजन जग में दुर्लभ है. पुण्योदय से ही उनका समागम व भक्ति करने का अवसर प्राप्त होता है, जिस नगर ग्राम में संतों का आगमन होता है वहाँ सोना- सोना हो जाता है और जहाँ से संतों का गमन हो जात,वहाँ सूना-सूना हो जाता है.**

उक्त उद्‌गार उपाध्याय श्री विशेष सागर महाराज ने कहा आपको इस कलिकाल में भी सच्चे संतों का दर्शन प्राप्त हो रहा है, संतों का दर्शन मंगल है, पुण्य का हेतु है ,पाप का नाशक है, लाभप्रद है ,दिगम्बर संत धन दौहर, रुपये-पैसे आदि परिग्रह के त्यागी होते है. प्ररिग्रह के नाम पर पिच्छि-कमण्डल व आवश्यक शास्त्र ही रखते है. उपाध्याय श्री ने कहा कि सत्कार होता है, भाई-भाई एक साथ रहते है वह घर मंदिर के समान है, पू उपाध्याय श्री ससंघ का पुसेगांव से विरागोदय तीर्थ पथरिया की और मंगल बिहार शुरु है लगभग 2 माह पूर्व से पुसेगाव हिंगोली से विरागोदय तीर्थ के लिये मंगल विहार हुआ था 2 माह लगभग ग्यारह सौ कि.मी पद विहार कर गौरझामर आगमन हुआ. यहां के मंदिर के दर्शन कर ऐसा लगा कोई तीर्थ क्षेत्र में आ गए.

## वन विभाग की 10 सूत्रीय मांगें उठाई गईं

**ललितपुर.** वन कर्मचारी संघ वन विभाग की एक आवश्यक बैठक स्थानीय चंद्रशेखर उद्यान पार्क में जिलाध्यक्ष आनंद स्वरूप रजक की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में वर्ष 1986-87 से पूर्व से वन विभाग में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई. जिलाध्यक्ष ने कहा कि वन विभाग में वर्ष 1986-87 से पूर्व से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों ने विभाग के प्रति पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य किया है, लेकिन आज भी उन्हें कई महत्वपूर्ण सुविधाओं से वंचित रखा गया है.